अनुक्रमांक

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना

पीठासीन अधिकारी :– श्रीमति सुमन सोनल (आर.ए.एस.) दर्ज दिनांकः 18.05.2015
जी.सी.एम.एस.नं.– 2015/00574
मुकदमा संख्या 134/2015 निर्णय दिनांकः–

1. मंजू देवी पत्नी स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनी कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
2. रमाकान्त पुत्र स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनी कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।

........वादीगण

बनाम

1. आली देवी पत्नी स्व0 सत्यनारायण जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 19 मोहल्ला केशवराय कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
2. देवकीनन्दन पुत्र स्व0 सत्यनारायण स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनीं कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
3. राजेन्द्र कुमार स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनी कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
4. महेन्द्र कुमार स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनी कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
5. सुरेन्द्र कुमार स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनी कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
6. सुभाष पुत्र स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनी कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
7. संजय पुत्र स्व0 प्यारेलाल जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड न0 16 जांगिड़ कॉलोनी कस्बां व तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।
8. लैण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार तहसील उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना।

...प्रतिवादीगण

दावा घोषणार्थ, रिकार्ड दुरूस्ती एवं स्थाई निषेधाज्ञा

निर्णय दिनांकः– 10/1/25

वादीगण ने जरिये अधिवक्ता वादपत्र इस आशय का पेश किया है कि राजस्व ग्राम धनावता पटवार हल्का इन्द्रपुरा तहसील उदयपुरवाटी की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 389 रकबा 1.25 हैक्टर अवस्थित है। कस्बा उदयपुरवाटी में स्व0 दीनदयाल नामक व्यक्ति था जिसके दो पुत्र सत्यनारायण एवं प्यारेलाल थे। जिसमे से सत्यनारायण बड़ा पुत्र एवं प्यारेलाल छोटा पुत्र था। सत्यनारायण परिवार में बड़ा होने के कारण कर्ता खानदान था। परिवार का समस्त कार्य व लेन– देन सत्यनारायण बड़ा पुत्र होने के कारण करता था। सत्यनारायण वं प्यारेलाल दोना परिवार में शामिल में ही रहते थे। प्यारेलाल जो भी कमाता था वह बड़े भाई सत्यनारायण को लाकर देता था। दोना भाईयों में काफी प्रेम, मेलजोल व विश्वास था। आज से करीब 40–50 वर्ष पूर्व सत्यनारायण व प्यारेलाल ने शामिल में राजस्व ग्राम धनावता पटवार हल्का इन्द्रपुरा तहसील उदयपुरवाटी की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 389 रकबा 1.2500 हैक्टर को शामिल में खरिदा था। उक्त भूमि खरिदने के लिए दोनो भाईयों ने रूपये आधे आधे दिये थे। उक्त भूमि पर दोनो भाईयों ने 1/2–1/2 हिस्सें पर अपना अपना कब्जा प्राप्त कर लिया था लेकिन परिवार में सत्यनारायण बड़ा भाई होने के कारण उक्त भूमि का विक्रय पत्र एवं नामान्तकरण अपने नाम से करवा लिया था। वर्तमान मे दोनो भाईं सत्यनारायण एवं प्यारेलाल दोनो फौत हो चुके है तथा उक्त वर्णित भूमि के 1/2 हिस्सें पर बड़े भाई

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी उदयपुरवाटी (नीमकाथाना)

उपखण्ड अधिकारी
उदयपुरवाटी (झुन्झुनूँ)